## शराब तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार



**देवघर , 28 नवम्बर (हि. स.)।** देवघर पुलिस ने शराब तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह में शामिल दो महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस मामले में धनबाद के रहने वाले विनय विश्वकर्मा (32), रांची के सूरज कुमार (28), नालंदा के रहने वाले विशाल कुमार (20), मोतिहारी के रहने वाले लड्डू पांडेय उर्फ छोटू (21), रिमझिम देवी (44) और बेतिया की रहने वाली अंजलि कुमारी उर्फ राधा (19) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी देवघर एसपी सुभाष चंद्र जाट ने सोमवार को दी।

उन्होंने बताया कि यह गिरोह नशीला पेड़ा खिलाकर वाहन लूटते का काम करते थे। एसपी ने बताया कि इस गिरोह के सदस्यों द्वारा 23 नवंबर के दिन बिहार के नौगछिया से देवघर जाने के नाम पर एक स्कोर्पियो बुक किया गया। देवघर आने के क्रम में मारगोमुण्डा थाना क्षेत्र के बलवा मोड़ में गिरोह के सदस्यों ने स्कोर्पियो लूट लिया । इस घटना के संबंध में मारगोमुण्डा थाना में एक एफआइआर दर्ज कराया गया था।

# अदानी पावर प्लांट में मजदूरों का हंगामा, पुलिस फायरिंग



**गोड्डा(हि.स.)।** जिले में स्थित अदानी पावर प्लांट में रविवार को दो मजदूरों की हुई मौत के बाद बिना परिजनों के बुलाए शव को पोस्टमार्टम कराने से मजदूर आक्रोशित हो गए। अडानी के लोगों द्वारा पूरे मामले पर समझौता का प्रयास कराया जा रहा था पर मजदूर सुनने को तैयार नहीं थे। करीब 4000 मजदूर मौके पर पहुंचकर हंगामे पर उतारू हो गए। मामले को बढ़ता देख स्थानीय पुलिस प्रशासन को बुलाना पड़ा पर मजदूर का आक्रोश इस कदर बढ़ चुका था कि वह किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। पुलिस ने हंगामे को रोकने के लिए हवाई फायरिंग की। बताया जा रहा है कि दो राउंड हवाई फायरिंग की गई। इधर मजदूर भी पत्थरबाजी पर उतारू हो गए , जिसमें एक सहायक अवर निरीक्षक सहदेव प्रसाद एवं दो पुलिस बल मौके पर घायल बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर स्थानीय एसडीपीओ आनंद मोहन सिंह कैंप कर रहे हैं तथा पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पावरमेक कंपनी के मजदूर की मौत होने के बाद इस संबंध में सुरक्षा संबंधित चूक की बात सामने आ रही थी। इसके पूर्व रविवार को ही एक कंपनी के अधिकारी स्तर के कर्मी की हृदय गति रुकने से मौत की भी बात सामने आ रही है। अब इतनी हड़बड़ी में दोनों शवों का पोस्टमार्टम क्यों कराया जाना जरूरी था। यह बात अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कराई जा रही है तथा जल्द ही पूरे मामले को स्पष्ट कर दिया जाएगा

## एक नजर में

### समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक

**रामगढ़।** समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक ए स्थित सभाकक्ष में सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अपर समाहर्ता नेल्सम एयोंन बागे ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी को जिले के 5 प्रखंडों गोला, चितरपुर, दुलमी, मांडू एवं पतरातू अंतर्गत किसानों को हुई क्षति का आकलन कर जल्द से जल्द प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में आपदा प्रबंधन प्राधिकार द्वारा कोरोना, सड़क दुर्घटना, सर्पदंश एवं वज्रपात से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा राशि देने संबंधी कार्यों की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रामगढ़, नआदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ की बलकुदरा के बड़काटोला में हुई बैठक

### 'सीसीएल मांगों पर अविलंब ध्यान दे, वरना न्यायालय का सहारा लेंगे विस्थापित'

**बासल (रामगढ़)।** आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ की बैठक सोमवार को बलकुदरा पंचायत के बड़काटोला देवी मंडय में हुई। कहा गया कि सीसीएल प्रबंधन व पीएलआर कंपनी बलकुदरा पंचायतवासियों के साथ छलावा कर रही है। पूर्व में किए गए वादे को निभाने में अब तक प्रबंधन ने कोई रूची नहीं दिखाई है। बलकुदरा में लोकल सेल खोलने सहित 11 सूत्री मांग-पत्र प्रबंधन को सौंपा गया था। लेकिन इस दिशा में भी कोई पहल नहीं हुई। कहा गया कि आजादी से पूर्व वर्ष 1924-25 में सरकार ने भूमि अधिग्रहण की थी। और कोयला निकालने का कार्य किया जा रहा था। लेकिन आज तक विस्थापितों को उनका हक-अधिकार नहीं मिला। और न ही रोजगार व मुआवजा दिया गया। कहा गया कि भूमि अधिग्रहण विधेयक के तहत सीसीएल प्रबंधन आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराती है तो उक्त भूमि को विस्थापितों को वापस करना होगा। निर्णय हुआ कि मामले को ले संघ द्वारा जोरदार आंदोलन चलाया जायेगा। इस दौरान न तो कोयले का उत्पादन और न ही डिस्पैच करने दिया जायेगा। साथ ही समुचित न्याय को ले उच्च न्यायालय के शरण में जाने की भी बात कही गई। मौके पर संघ के संयोजक देवानंद प्रसाद, अध्यक्ष झरी मुंडा, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर मुन्डा, महासचिव विनय कुमार व अरुण प्रसाद, सूरज बाड़ा, प्रेम मुंडा, विरेंद्र प्रसाद, ललित कुमार, विरेंद्र साहू, संतोष प्रसाद करण कुमार, केशव मुंडा, रवि कुमार मुंडा, मुन्ना मुंडा, मुकेश कुमार, रमेश साहू, प्रेम साहू, शंकर कुमार मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, जगदयाल मुंडा आदि ग्रामीण मौजूद थें।

### 5 से बलकुदरा आउटसोर्सिंग का कार्य ठप करेंगे विस्थापित ग्रामीण : योगेंद्र यादव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा के विस्थापित ग्रामीणों की बैठक रिचीबंधा नयाटोला ग्राउंड में हुई। इसकी अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालन रवि महली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो युवा नेता योगेंद्र यादव उपस्थित थे। बैठक में 12 नवंबर को सौंपे गये मांग-पत्र पर चर्चा करते हुए कहा गया कि प्रबंधन आज तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की। जिससे ग्रामीण विस्थापितों में रोष व्याप्त है। निर्णय हुआ कि आगामी 5 दिसंबर से बलकुदरा आउटसोर्सिंग का कार्य अनिश्चकाल के लिए ठप करा दिया जायेगा। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में विस्थापित ग्रामीण पारंपरिक हरवे-हथियार के साथ शामिल रहेंगे। मौके पर संजय यादव, गुलचंद मुंडा, पंकज मुंडा, रामजतन यादव, अजय यादव, विनोद यादव, उमेश यादव, सतीश मुंडा, विनोद मुंडा, सनी मुंडा, आनद मुंडा, विकाश यादव, कुणाल यादव, संजीत मुंडा, सुरेश मुंडा, सुकेश मुंडा, बहादुर उरांव, बबलू मुंडा, बैजनाथ उरांव, अनिल मुंडा, दिलीप महली, दिनेश यादव, सुभाष यादव, मोतिचंद मुंडा, सोरभ शर्मा, शिबू मुंडा, जितेंद्र यादव, अरविंद यादव, बालेश्वर यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

### विभावि अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का जेएम कॉलेज में हुआ शुभारंभ

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विभावि अंतर महाविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता के तहत रविवार से जेएम कॉलेज भुरकुंडा में टेबल-टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में विनोबा भावे विश्व विद्यालय के कई कॉलेजों के दर्जनों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। टुनार्मेंट का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बताया गया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को पुरस्कृत किया जायेगा। चयनित खिलाड़ी अंतर विश्व विद्यालय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। मौके पर शिक्षक प्रतिनिधि डा अरविंद कुमार सिंह, प्रो. ज्ञानेंद्र प्रसाद दुबे, डा अनिल कुमार, डा रामप्रमोद सिंह, डा अरूणजय सिंह, डा नंदकिशोर सिंह, विनोद कुमार सिंह, रामजीवन सिंह सहित दर्जनों प्रतिभागी मौजूद थें।

### डा. जेपी सिंह की पत्नी का निधन

**गढ़वा।** शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. ज्वाला प्रसाद सिंह की पत्नी व प्रसिद्ध सर्जन ड कुमार निशांत सिंह की माता किरण सिंह का रविवार की संया में निान हो गया। वो 65 वर्ष की थी। जानकारी के अनुसार वे लंबे समय से ही बीमार चल रही थी। शहर के चिनियां रोड स्थित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके निान से पूरा परिवार मर्माहत है। इनका अंतिम संस्कार बनारस में किया गया। निधन की खबर सुनते ही उनके आवास पर जिले भर के चिकित्सकों व समाजसेवियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पीड़ित परिवार कां सांत्वना देते हुए गहरी संवेदना व्यक्त किया। संवेदना व्यक्त करने वालों में सिविल सर्जन डा. अनिल सिंह, डा. आरएनएस दिवाकर, डा. एनके रजक, डा. यासीन अंसारी, डा. एमपी गुप्ता, डीएस डा. अवोश सिंह, डा. कमलेश कुमार, डा.विजय भारती, डा.असजद, डा.अरसद, डा.महजबी, डा.माहेरु, अलखनाथ पांडेय, सुशील केशरी, मदन प्रसाद केशरी, विजय केषरी, विनोद कमलापुरी, नंदलाल गुप्ता, विजय सिन्हा, बृज मोहन प्रसाद, नंद कुमार गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, हर्ष अग्रवाल, शौकत खान, दौलत सोनी सहित रोटरी क्लब, लायंस ग्रीन, लायंस सिटी, लायंस विशाल, जायंट्स, लायंस असम, जायंट्स आस्था आदि क्लबों के पदाधिकारियों का नाम शामिल है।

### उपायुक्त को आवेदन देकर पीडीएस दुकानदार पर कार्रवाई की मांग

**रमना।** प्रखंड के हरादाग कला पंचायत के करीब पांच दर्जन पीडीएस लाभुकों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त रमेश घोलप को सौपकर पीडीएस दुकानदार उदय साह पर जांचोप्रांत कार्रवाई की मांग किया है। उपायुक्त से कार्रवाई की मांग करने वालों मे शामिल लाभुक सुनील साह, रविन्द्र कुमार चौरी, मनोरंजन साह, मालदेव चौरी, छोटेलाल चौरी, कुलदीप चौरी, बलकू चौरी, रीता देवी, पुनम देवी आदि ने आवेदन मे लिखा है कि पीडीएस दुकानदार उदय साह के द्वारा लाभुको को दिए जाने वाले राशन मे प्रति पांच किलोग्राम मे पांच सौ ग्राम की कटौती किया जाता है। वही राशन देने से पहले अंगूठा लगाकर पर्ची निकलवा लिया जाता है राशन मांगने पर कहते है कि राशन उपर से ही नही आया है। विवाहित लड़की (लाभुक) का नाम राशन के लाभुक सूची से काटने के नाम पर पैसा मांगा जाता है। लाभूको का कहना है कि मनमानी का जब विरोा किया जाता है तो दुकानदार के द्वारा लाभुको के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है।

## साइबर थाना पुलिस बताकर अपरहरण करने वाले चार अपराधी गिरफ्तार

### 10 लाख की मांग थी फिरौती

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** खुद को साइबर थाना पुलिस बताकर अपहरण करने वाले चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों ने 25 नवंबर की देर रात नारायणपुर थाना क्षेत्र में भागाबांध गांव निवासी आलम अंसारी का घर से अपहरण कर दस लाख रुपए फिरौती मांगी थी। अपहरण में दस अपराधी शामिल थे। फरार अपराधियों की तलाश जारी है। अपहृत आलम अंसारी को मधुपुर रेलवे स्टेशन के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया। यह जानकारी मुख्यालय डीएसपी जगदीश प्रसाद व पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने नारायणपुर थाना में पत्रकारों को दी। डीएसपी ने कहा कि पहले दो अपराधियों की गिरफ्तारी हुई। उसके निशानदेही पर और दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों के नाम रशीद अंसारी उर्फ बबुआ, सद्दाम अंसारी, नसीम अंसारी, सद्दाम अंसारी है। अपराधियों ने अपहरण के बाद आलम अंसारी को ताराटांड़ थाना स्थित महेशमरवा जंगल में बंधक कर रखा। पुलिस ने अपहृत आलम अंसारी के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर डाल रखा था। इस मोबाइल का इस्तेमाल अपराधी फिरौती की रकम आलम अंसारी के परिवार से मांगने के लिए कर रहे थे।

फिरौती की रकम मिलने पर अपहृत आलम अंसारी मधुपुर स्टेशन के निकट सकुशल मिल जाएगा। मोबाइल सर्विलेंस पर होने के कारण घेराबंदी कर रखी थी। अपराधी जैसे ही बाइक से आलम अंसारी को लेकर मधुपुर स्टेशन के निकट पहुंचे पुलिस ने घेराबंदी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उसके निशानदेही पर और दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि अपहृत अंसारी के परिजनों ने फरौती की रकम अपराधियों को दिया या नहीं इसका खुलासा नहीं हो पाया है। गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। रसीद अंसारी के विरूद्ध करमाटांड़ थाना कांड में कांड संख्या 26-2021 और गोविंदपुर थाना में कांड संख्या 28-2015 व कांड संख्या 36-2015 के तहत मामला दर्ज है।

### जनता दरबार का आयोजन

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार सोमवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन एवं गढ़वा अनुमंडल पदाकिारी राज महेश्वरम ने जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं सुनी एवं उसके निष्पादन के लिए संबंाित पदाकिारी को निर्देषित किया। जनता दरबार में राशन कार्ड, जमीन विवाद, बिजली बिल से संबंाित समस्या, पेंशन, पोषाहार, ाोखााड़ी, राशन वितरण में अनियमितता आदि अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए आश्वस्त किया गया।

### वाहन चेकिंग अभियान में 13 मोटरसाइकिल जब्त

**गढ़वा।** पुलिस आीक्षक के निर्देश पर सोमवार को गढ़वा थाना के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान 13 मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह गढ़वा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि पुलिस आीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वाहन चेकिंग के दौरान वाहन की कागजात व हेलमेट की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो मोटरसाइकिल चालक हेलमेट लगाकर मोटरसाइकिल नहीं चला रहे हैं वैसे लोगों को पकड़ कर थाना में लाया गया। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करे। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन सभी को करना चाहिए।

### बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा मौका मिले यही हमारी कोशिश है : प्रवीण राजगढ़िया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में चल रहे इंटर हाउस ओपन साइट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का सोमवार को फाइनल खेला गया। इसमें लड़कों में राहुल यादव व लड़कियों में संजना कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता। साथ ही शिवम कुमार सिंह, अभय तिग्गा, लड़कियों में अक्षिता कुमार, पल्लवी कुमारी ने क्रमशः सिल्वर व ब्रन्ज जीता। इसके अलावा अस्मित साव, सागर पांडेय, ईश्वर मुंडा, अभिनीत टोप्पो, आदर्श कुमार मिंज को भी उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्त किया गया।

## आदिवासी कल्याण बालिका छात्रावास में सोहराय पर्व को लेकर हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** आदिवासी कल्याण बालिका छात्रावास में सोमवार को सोहराय पर्व को लेकर बैठक हुई। जिसमे आदिवासी कल्याण बालक, बालिका के सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। बैठक को सफलतापूर्वक चलाए जाने के लिए सभापति के रूप में संतोष मरांडी एवं सुशमिता हेम्ब्रम ने किया। इस वर्ष सोहराय पर्व को 9 जनवरी 2023 से 14 जनवरी तक पांच दिनों तक मनाया जाएगा। हमलोग केकेएम कॉलेज में समय की अभाव में तीन दिनों में ही सभी कार्यक्रम को करेंगे। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि नौ से 11 जनवरी की तक बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा।

इस सोहराय पर्व मे सभी छात्र-छात्राएं परम्परिक परिधानों में शामिल होंगे। सोहराय पर्व को सफलता पूर्वक चलाए जाने के लिए अध्यक्ष बाबलु मुर्मु, सचिव लखन मुर्मू, सालिनी मुर्मू, सुरुजमुनी मुर्मू को सर्व सहमति से चुना गया। बैठक में छात्र नायक जुलियस हांसदा, उप छात्रनायक शिवलाल मरांडी, सुलेखा मुर्मू, प्रतिमा मुर्मू, कमल मुर्मू, जितराम मुर्मू, एडवार्ड सोरेन, सुनिल दा, कैलाश मरांडी, होपना सोरेनआदि मौजूद थे।

### कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ शुरू

**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरु हुआ। कलश यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कलश यात्रा में शामिल होने के लिए लोग सुबह से ही यज्ञ मंडप में लोगों का भीड़ इकट्ठा होने लगा था। यज्ञाचार्य पंडित उमेश कुमार शास्त्री ने वैदिक मंत्रों चार के साथ पुजा अर्चना कर बैंड बाजा व भक्तिमय गीतों के साथ यज्ञ मंडप से निकल कर शारदा गांव के उभका से जल भरकर यज्ञ मंडप में स्थापित किया। चारों तरफ हर-हर महादेव, जय श्रीराम आदि जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञचार्य काशी जूना अखाड़ा से आए श्री सागरपुरी नागा बाबा व जलगांव आश्रम जबलपुर से श्री छोटे पूरी नागा बाबा के सानिय में यज्ञ सम्पन्न होगा। 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलने वाले पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ में दो बजे से पांच बजे तक प्रवचन देंगे।

## जायसवाल समाज के सदस्यों ने इतिहासकार की मनायी जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** शहर के शिव शीतला मंदिर के पास जायसवाल समाज के सदस्यों के द्वारा इतिहासकार स्वर्गीय काशी प्रसाद जयसवाल की जयंती मनाई गई. जयंती के तहत सबसे पहले समाज के सचिव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद बारी-बारी से सभी सदस्यों ने इतिहासकार स्व काशी प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित किया। वही मौके पर उपस्थित सदस्यों को सचिव राजेश जासवाल, वरिष्ठ सदस्य विजय जायसवाल, मुकेश जायसवाल इनके जीवन की जानकारी देते हुए बताया कि इतिहासकार स्व काशी प्रसाद जायसवाल काफी विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे।

स्वर्गीय जयसवाल एक महान इतिहासकार ही नहीं थे बल्कि 35 भाषाओं के ज्ञाता अनेक पुस्तकों के रचयिता तथा सफल कानूनविंद भी थे। उनका जन्म 27 नवंबर 1881 को यूपी के मिजार्पुर में हुआ था। सचिव ने कहा कि शिक्षा ही ऐसा जरिया है जो मानव जीवन को बदल देता है हमें स्व जयसवाल के जीवन से सीखने की जरूरत है। मौके पर समाज के जितेंद्र जयसवाल ,आनंद चैधरी, जितेश चैधरी ,विजय जयसवाल, हरिशंकर जयसवाल ,रवि जायसवाल, संजय जायसवाल, आदित्य, आरूषी ,वीर, विराट, अनुष्का, रीत, ओम, आयुष समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** पाकुड़ जिला के जिला स्टेडियम, बैंक कॉलोनी में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलों झारखंड 2022-23 खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती रजनी देवी ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर किया। इन प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में कक्षा 9-12 बालक व बालिका एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं कराटे सहित कई खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीम को पुरस्कार व मेंडल देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, जिला खेलकूद पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला एथलेटिक्स संघ सचिव रणवीर सिंह, जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष ए.के.गांगुली समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्पेशल ट्रेन के नाम पर एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लेना बंद करें

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** पाकुड़ रेल यात्री के समस्याओं के समाधान हेतु ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष हिसाबी राय के नेतृत्व में स्टेशन प्रबंधक पाकुड़ देवीधन हेंब्रम से मिलकर छः सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में ईजरप्पा के सचिव राणा शुक्ला,नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा,पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू,पार्वती देवी,लायंस क्लब के विष्णु साहा,अनिकेत गोस्वामी,सादेकुल आलम इत्यादि मौजूद थे।

मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा श्री मनीष जैन को संबोधित अपने छः सूत्री ज्ञापन में सचिव राणा शुक्ला में कहा कि जो मांग पत्र डीआरएम हावड़ा को प्रेषित किया गया है यह मांग पाकुड़-साहिबगंज-रामपुरहाट रेलखंड के यात्रियों की बहुत ही पुरानी मांगे हैं तथा कोरोना काल के समय रेल विभाग के द्वारा रेल यात्रियों के सुविधा को विलोपित किया गया है।ईजरप्पा के समर्पित इन मांगों को मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो आगामी 6 दिसंबर को स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के समक्ष ईजरप्पा एक दिवसीय सांकेतिक धरना का आयोजित करेगी।आगे श्री शुक्ला ने बताया कि रेल यात्रियों की सुविधा ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन ने साहिबगंज रामपुरहाट सवारी गाड़ी का समय परिवर्तन करना, कोरोना काल से बंद पड़े वर्धमान मालदा टाउन सवारी गाड़ी का पुनः संचालन,रामपुरहाट सियालदह मां तारा एक्सप्रेस का पाकुड़ तक मार्ग विस्तार,सरायघाट एक्सप्रेस, बैंगलोर गुवाहाटी एक्सप्रेस का पाकुड़ में ठहराव,कोरोना काल में बढे सवारी गाड़ी में स्पेशल ट्रेन के नाम पर एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लेना बंद करने तथा दोपहर में रामपुरहाट से साहिबगंज तक एक लोकल इएमयू ट्रेन का संचालन इत्यादि का मांग किया गया है।

# विधानसभा की निवेदन समिति पहुंची कोडरमा

## अधिकारियों के साथ बैठक की, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा के निवेदन समिति सोमवार को कोडरमा पहुंची और स्थानीय परिसदन भवन में बैठक कर जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला, समिति के सदस्य बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लम्बित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर विकास एवं आवास विभाग, कल्याण समेत विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मौके पर समिति के सभापति, सदस्य के अलावे डीसी आदित्य रंजन, एसपी कुमार गौरव, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी लोकेश मिश्रा, एसी अनिल कुमार तिर्की, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे। समिति के सभापति उमाशंकर अकेला में बताया कि निवेदन समिति में जिले से सम्बंधित 22 निवेदन थे, सभी निवेदनों पर चर्चा हुई, एक मामले का निष्पादन किया गया। राजस्व विभाग का भी एक मामला था, मगर अधिकारी उपस्थित नही थे, जिसके कारण उस पर चर्चा नही की गई। वहीं मंगलवार को सम्बंधित विभाग के अधिकारी को बुलाया गया है। बरही से कोडरमा तक फोरलेन निर्माण का कार्य कर रही एजेंसी आरकेएस पर भी एक मामला था, कम्पनी के द्वारा बिना माइनिंग चालान के कार्य कर रहा है, सड़क निर्माण में निम्न स्तर का पत्थर लगाया जा रहा है, पहाड़ के पत्थर को बिना चालान के बिहार भेजने की शिकायत मिल रही है।

# ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा मांग पत्र



मांग पत्र सौंपते ग्रामीण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर सोमवार को राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में अंचलाधिकारी अजय कुमार दास को एक लिखित आवेदन सौंपा गया। आवेदन के अनुसार कांडी 16 पंचायतों का मुख्य बाजार है। जहां भीड़ अपरम्पार होती है। वहीं कुछ लोगों ने अवैा तरीके से बाजार की जमीन पर कब्जा कर लिया है। जिसमें पक्का व कच्चा मकान, झूग्गी झोपड़ी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। बाजार पहुंचने वाले लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। खाता 234, प्लट 337, 346 व अन्य, रकवा 78 डिसमिल है। उक्त सभी लोगों ने फिलहाल 78 डिसमिल जमीन से अवैध कब्जा से अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। युवा राजद के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार ने कहा कि 16 पंचायतों का लगने वाला यहां बाजार में आए दिन लोगों के साथ घटना घटते रहती है। यदि अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो राष्ट्रीय जनता दल आंदोलन करने को बाय होगी।

राममणी तिवारी ने कहा कि अंचलाधिकारी अजय कुमार दास को 500 से अधिक लोगों का हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन सौंपा गया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी अजय कुमार दास ने कहा कि ग्रामीणों का आवेदन मिला है। सरकारी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होगी। आवेदन सौंपने वालों में मुख्य रूप से युवा राजद के जिला अध्यक्ष विनीत कुमार, शाहनवाज हुसैन आदि का नाम शामिल है।

## गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

# स्थानीय जनप्रतिनिधि जनसेवा की भावना से करें कार्य : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव व उपायुक्त आदित्य रंजन ने संयुक्त रूप से किया। पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान लाभुकों को गृह प्रवेश चाभी और पौधा दिया गया।

वहीं लाभुकों को संबोधित करते हुए बरकट्ठा विधायक श्री यादव ने कहा कि हर गरीबों का जीवन में घर बनाने का एक सपना होता है, मगर गरीबी के कारण वे ऐसा करने से असमर्थ होते हैं, ऐसे लोगों के लिए पीएम आवास योजना काफी लाभकारी है। उन्होंने कहा कि अभी भी बहुत ऐसे लोग हैं जो इस महत्वकांक्षी योजना के वंचित हैं, एसे में विशेष आम सभा का आयोजन कर छूटे हुए लोगों को आवास योजना का लाभ देने की जरूरत है। वहीं विधवा व असहाय महिलाओं को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास में प्राथमिकता दिया जाय। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि किसी भी निर्माण कार्य में अनियमितता न हो, सभी कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग में कन्वर्जन से कार्य करें, मनरेगा के तहत उपलब्ध कराए गए राशि से जरूरत के विकास कार्यों को किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत अनुपयोगी योजनाओं को बंद करें, इसके जगह पर जनहित से जुड़े योजनाओं को प्राथमिकता दें। डीसी श्री रंजन ने कहा कि मनरेगा के तहत भूमि समतलीकरण एवं मेढ़बंदी के कार्य में अनियमितता की शिकायत आना, गम्भीर विषय है, दोषियों को बख्शा नही जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में पीएम आवास योजना की स्थिति काफी अच्छी है। वहीं डीडीसी लोकेश मिश्रा ने कहा कि पीएम आवास योजना और अंबेडकर आवास योजना के क्रियान्वयन में टीम भावना के साथ कार्यों को अंजाम देते हुए हम लक्ष्य के करीब पहुंच रहे हैं। मौके पर डीटीओ भगीरथ प्रसाद, सतगावां बीडीओ बैजनाथ उरांव, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, लाभुक आदि मौजूद थे।

## गैस एजेंसी के संचालक से तंग आकर लाभुकों ने बीडीओ को दिया आवेदन

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अरसली उत्तरी पंचायत के गरीब महिलाओ को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का लाभ मिलने के बाद भी अभी तक गरीब परिवार को लाभ नहीं मिला। एक वर्षो से भारद्वाज गैस एजेंसी के संचालक के गलत नियत से तंग आकर दर्जनों महिला लाभुकों ने प्रखंड भवन पहुंच कर बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो की अनुपस्थिति में आपूर्ति कम्प्यूटर ऑपरेटर अलोक गुप्ता को देकर जल्द से जल्द लाभ दिलाने को कहा है। जिसकी प्रतिलिपि गढ़वा डीसी, श्री बंशीधर नगर एसडीओ को भी भेज दिया गया है। लाभुकों ने दिये आवेदन में लिखा है कि हम सभी लाभुक अरसली उत्तरी पंचायत के है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस मिला था लेकिन गलत अपडेट के चलते सगमा के भारद्वाज गैस एजेंसी को चला गया है। लेकिन एक साल पूर्व से गैस एजेंसी के संचालक के गलत नियत के वजह से अभी तक नहीं मिल पाया है। हम लोग गरीब परिवार के हैं लकड़ी चुनकर खाना बनाते हैं। लकड़ी से खाना बनाने के दौरान कई महिलाओं को सांस की बीमारी भी हो गई है। सगमा एजेंसी में गैस लेने जाते हैं तो टालमटोल किया जाता है।

## आरएनएम कॉलेज में लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

# अध्यात्म की ओर लौटने से ही हम बीमारी से पा सकते हैं मुक्ति : डॉ अभिषेक कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड स्थित रामनारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज में आरोग्य भारती स्वास्थय जागरूकता अभियान के तहत मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान राँची के सौजन्य से निशुल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान रांची के निदेशक डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ,डा विकास कुमार गुप्ता छाती रोग विशेषज्ञ, डॉ आशुतोष कुमार सिंह डायबिटीज एंड थायरॉयड रोग विशेषज्ञ, डा चंदन कुमार सिंह दांत रोग विशेषज्ञ, डा राकेश चौधरी कार्डोलियो सर्जन एवं डॉ अरुण कुमार कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ खासतौर से शिविर में मौजूद रहे। रांची से आगमन के उपरांत सबसे पहले स्वतंत्रता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद एनएसएस की स्वन्य सेवकों के द्वारा पुष्प की वर्षा कर स्वागत किया गया। सभागार में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर का विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने कहा की स्वस्थ व्यक्ति,स्वस्थ परिवार,स्वस्थ ग्राम,स्वस्थ राष्ट्र का सपना तभी साकार हो सकता है जब हम अपने जीवन शैली में सुधार लाएं पुरानी परंपरा ही बेहतर थी जिसमें अध्यात्म के साथ जीवन यापन करने का हुनर वर्षो से चला आ रहा था। आज हम आधुनिक युग में जी रहे हैं जहां हमारा दिनचर्या बिल्कुल भी वेस्टर्न कल्चर अपना चुकी है इसीलिए हम हर रोज नई बीमारियों का सामना करते हैं। श्री सिंह आगे कहा कि दवा महज क्षणिक इलाज है लेकिन एक जीवन शैली में सुधार कर हम हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं ।उन्होंने यह भी कहा कि अपने शरीर को जितना थका आएंगे उतना ही उर्जा प्रदान होगा। विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा मुफ्त में आंख, दांत, हिर्दय, नाक, छाती, मधुमेह, आदि के लगभग 500 अधिक मरीजों का मुफ्त इलाज किया जाएगा एवं सभी को आवश्यकता अनुसार दवा फ्री में दवाई दी गई और कुछ लोगों को आवश्यकता अनुसार बाहर से दवा मंगा कर इस्तेमाल करने का सलाह दिया गया।

## प्लस टू उवि में मिलन सह गुरु सम्मान समारोह का आयोजन

**भवनाथपुर।** राजकीयत टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रशाल भवन में हाई स्कूल पुरातन छात्रों (1978 बैच) का मिलन सह गुरु सम्मान समरोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुरातन छात्रों के गुरु रामनरेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित सभी लोगों ने तत्कालीन प्राचार्य स्व.धर्मदेव पांडेय की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुरातन छात्रों ने अपने सीनियर स्टूडेंट्स एवं मुख्य अतिथि सह विद्यालय प्राचार्य रोहिनिकान्त देव पाठक सहित सभी आगन्तुको को बुके देकर सम्मानित किया। राष्ट्रगान के बाद सभी मृत शिक्षक एवं साथियों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। पुरातन छात्रों के शिक्षक अपने शिष्यों द्वारा मिले सम्मान एवं इनकी उपलबि देख भावुक हुए। छात्रों को संबोाित करते हुए उन्होंने कहा कि 45 वर्षो बाद इस तरह एक साथ मिलना सुखद आश्चर्य है। संचालन इंजीनियर शत्रुघ्न सिंह जबकि धन्यवाद ज्ञापन बैजनाथ प्रसाद गुप्ता व मौके पर पत्रकार सीताराम पाठक, विनय रावत, परमेश्वर राम सहित काफी संख्या में 1978 बैच के लोग एवं उक्त विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक

## मुद्रा लोन की धीमी प्रगति पर किया असंतोष जाहिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




बैठक की समीक्षा करते डीसी व अन्य पदाधिकारी।

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के त्रैमासिक सितंबर 2022 जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति (डीएलआरएसी) की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2022-2023 बैंको की उपलब्धियों पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए सी.डी. रेशियों पर चर्चा, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, एआईएफ हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों पर चर्चा, आर.सेटी चतरा के कार्यकलापों की समीक्षा की गई। मुद्रा लोन की प्रगति पर उपायुक्त महोदय असंतोष जाहिर किया। सभी पैरामीटर में बैंक ऑफ इंडिया का प्रदर्शन अच्छा रहा जिसकी सराहना की गई। वहीं बैठक में उपायुक्त ने कहा की छात्र छात्राओं का खाता नहीं खुलने के कारण जिले के छात्र छात्राएं को छात्रवृति योजना से लाभान्वित करने में समस्या उत्पन्न हो रही हैं। जिले में शिक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए योग्य छात्र छात्राओं का अकाउंट खोले जिससे शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को छात्रवृति से लाभान्वित किया जा सके। ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 27.29% प्रतिशत है जिसे 40% प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया. साथ ही प्रधान मंत्री जन धन योजना के अंतर्गत बीमित, मृतक का शतप्रतिशत क्लेम सेटल, 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का खाता शत प्रतिशत खोला जाय ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिल सके। साथ ही उपायुक्त ने कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र में एक बैंक की शाखा खोलने हेतु जिला अग्रणी प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में नाबार्ड द्वारा क्रेडिट प्लान 2023- 24 का उपायुक्त द्वारा अनावरण किया गया. बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए, अरूण कुमार एक्का, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा, जिला पशुपालन पदाधिकारी दीपक कुमार सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, आरसेटी निदेशक, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार एवं सभी बैंको के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### साइबेरियन पक्षियों की खूबसूरती से गुलजार हुआ डकहा तालाब

**चतरा।** सात समंदर पार कर आने वाले विदेशी मेहमानों ने जिले के इटखोरी स्थित भद्रकाली महाविद्यालय के समीप डकहा तालाब में डेरा डाल दिया है। लगभग एक महीने की लम्बी यात्रा कर यहां पहुंचे साइबेरियन पक्षियों के चलते डकहा तालाब का नजारा बदल गया है। सर्दियों के मौसम में हर साल डकहा तालाब पर बिल्कुल अलग ही नजारा देखने को मिलता है। डकहा तालाब पर सेकंडों की संख्या में साइबेरियन पक्षियों के पहुंचने से यहां की सुन्दरता में चार चांद लग जाते हैं। बता दें कि साइबेरिया का मौसम सर्दियों में पक्षियों के रहने लायक नहीं रहता। नवंबर शुरू होते ही बर्फ जमने लगती है तब यह साइबेरियन पक्षी प्रवास के लिए रुख करते हैं ओर कई दिनों की हजारों मील लंबी यात्रा करने के बाद साइबेरियन पक्षी डकहा तालाब को अपना आशियाना बनाते हैं। इस दौरान करीब 3 महीने तक साइबेरियन पक्षी यहां प्रवास करते हैं और गर्मियों की शुरूआत के वक्त वापस एक लंबी उड़ान के बाद अपने देश लौटते हैं।

### तय समय सीमा के अंदर कार्य को करें पूर्ण : डीसी

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से भेड़ी फार्म में सौंदर्यीकरण से संबंधित चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में भेड़ी फार्म स्थित ग्रामीणों ने उपायुक्त से मिल इस पहल के लिए जिला प्रशासन की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि जिला प्रशासन की यह एक अच्छी पहल है। उपायुक्त ने कहा कि पर्यटन स्थल बन जाने से स्थानीय लोगों के लिए एक आय का श्रोत के साथ साथ स्थानीय लोगों को रोजगार का साधन भी मिल सकेगा। जिससे युवक रोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। वहीं मौके पर संवेदक को निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करते हुए तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करें। उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी, संवेदक समेत अन्य उपस्थित थे।

### किसानों के बीच 16 क्विंटल 50 किलो चना बीज का वितरण

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को गाडीलौंग पंचायत में चना बीज का वितरण किया गया। बिज वितरन मुखिया सबिदा खातून की नेतृत्व मे किया गया। वही कृषि मित्र महेश यादव ने बताया कि प्रत्येक किसानों को कम से कम पांच केजी एवं जिसकी ज्यादा जमीन है उसके हिसाब से बढ़ोतरी कर चना का बीज वितरण किया जा रहा है, ताकी सभी किसान चना की खेती अच्छा से कर सके।

### सांसद प्रतिनिधि ने किया सामान का सहयोग

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झारखंड उच्च विद्यालय बिंगलात को टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने निजी रुप में पांच कुर्सी एवं फर्नीचर का सहयोग किया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा जगत के लिए यह विद्यालय काफी उपयोगी है। यद्यपि इस विद्यालय को सरकार से कोई अनुदान नही मिलता है, सरकारी मान्यता के लिए प्रक्रियाधीन है।

### सुखाड़ प्रभावित कृषकों को जल्द से जल्द भुगतान करें : उपायुक्त

**कोडरमा।** जिले के सुखाड़ प्रभावित क्षेत्रों के कृषक परिवारों को अनुग्रहीक राहत भुगतान को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के दौरान डीसी श्री रंजन ने बताया कि न्यून वर्षापात एवं अल्प फसल आच्छादन को लेकर जिले के 5 प्रखण्डों कोडरमा, जयनगर, डोमचांच, सतगावां और मरकच्चो को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है, ऐसे में इन प्रखण्डों के प्रभावित कृषक परिवारों और भूमिहीन कृषक मजदूरों से जल्द से जल्द आवेदन पत्र प्राप्त करें, ताकि अनुग्रहीक राशि का भुगतान किया जा सके। डीसी ने प्रभावित कृषकों को चिन्हित करने के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराए जाने का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### निबंधन कार्य हुआ ठप, लोग परेशान

**चतरा।** दस्तावेज नविस संघ का कार्य बहिष्कार पांचवें दिन भी जारी रहा। हड़ताल के चलते निबंधन कार्य ठप हो गई है। झारखण्ड दस्तावेज नवीस संघ शाखा चतरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रभारी निबंधन पदाधिकारी अमरजीत सिंह बल्होत्रा निबंधन कार्य के लिए समुचित समय नहीं दे पाते हैं। तथा निबंधन में विभागिय दिशा निर्देश की अवहेलना कर अपना नियम लागु कर आम निबंधनार्थियों वो दस्तावेज लेखकों को परेशान करते हैं। विज्ञप्ति में आगे कहा कि संघ द्वारा उपायुक्त को 22 नवंबर को आवेदन देकर वर्तमान निबंधन पदाधिकारी के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की गई है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल, चतरा रेफर

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के मुरबे गांव स्थित सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है घायल युवक में घाघरा गांव निवासी सरोज कुमार पिता प्रमोद राणा का नाम शामिल है। सरोज कुमार अपने बाइक पर सवार होकर घाघरा से चतरा जा रहा था इसी बीच एक अज्ञात वाहन के चकमे देने से युवक दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिससे युवक के सर पैर और हाथ में गहरी चोट आई है। घायल युवक को ग्रामीणों की मदद से सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए चतरा रेफर कर दिया है।

### सफेद पत्थर लोड किया हुआ ट्रैक्टर जब्त

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग की टीम सोमवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रेंजर रामबाबू कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम के द्वारा लोहासीकर के समीप से सफेद पत्थर लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में रेंजर ने बताया कि विभाग के वरीय अधिकारियों को सूचना मिली थी कि सफेद पत्थर लदा एक ट्रैक्टर धोबियाडीह जंगल से तिलैया की ओर जा रहा है। इसके बाद लोहासीकर के समीप जब वन विभाग की टीम ट्रैक्टर को रोक उसकी जांच की, तो सूचना सही पाते हुए ट्रैक्टर में भारी मात्रा में सफेद पत्थर लोड पाया।

### मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत चंद्रपुर निवासी 38 वर्षीय विकास यादव ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी अनुसार युवक अपनी पत्नी से आपसी विवाद के बाद अपने हीरो होंडा मोटरसाइकिल से डुमरी गांव स्थित रेलवे पटरी के किनारे रुका और मोटरसाइकिल खड़ा कर डाउन लाइन में आ रही मालगाड़ी के आगे कूद गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रही है। मामले की जांच की जा रही है, फिलहाल मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले जाया गया है।

### वन कर्मियों को शराब बनाने वालों ने खदेड़ा

**कोडरमा।** बेंदी उप परिसर के अंदर अवैध रूप से वृक्षों को काटकर अवैध महुआ शराब निर्माण की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन कर्मियों पर शराब माफियाओं द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है, घटना रविवार की है। इसे लेकर गझंडी वन प्रक्षेत्र के बेंदी उप परिसर में कार्यरत वन रक्षी सह प्रभारी वनपाल राहुल कुमार की ओर से थाने में आवेदन देकर पांच नामजद लोगों सहित 20-25 महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

### संविधान देश के हरेक लोगों के लिए अनिवार्य : प्राचार्य

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित आदर्श शिशु विद्यालय बाघमारा में संविधान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष में विद्यालय में संविधान कब क्यों और कैसे विषय पर भाषण सह लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गौरतलब हो कि 26 जनवरी 1950 ई. को संविधान को अंगीकृत किया गया था, जिसके बाद से 26 जनवरी को देश भर में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### वाटिका के भैया बहनों ने मनाया फन विथ संडे कार्यक्रम

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्थित कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में शिशु वाटिका के भैया बहनों के द्वारा रविवार को फन विथ संडे का कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भैया बहनों को विद्यालय की ओर से कोडरमा स्थित कर्दम ऋषि पार्क के साथ-साथ ध्वजाधारी धाम का भ्रमण कराया गया। विद्यालय से गुब्बारे के साथ भैया बहन सज धज कर पार्क पहुंचे और वहां पर लगे झूले एंव पुष्प वाटिका का भरपूर आनंद उठाया। वहां से उन्हें पुनः ध्वजाधारी धाम ले जाया गया।

### 35 टीमें कबड्डी के अखाड़े में दिखाएंगे अपना दम

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित 8वीं जिला स्कूल स्तरीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 29 नवंबर को सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन हेतु संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार सिन्हा, सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष तौफिक हुसैन, कोषाध्यक्ष विशाल सिंह, प्रतियोगिता के चेयरमैन एवं सह सचिव विजय कुमार, जय पांडे द्वारा जानकारी देते हुए बताया की इस प्रतियोगिता में 21 विद्यालयों ने हिस्सा लिया है। जिसमें 20 बालक एवं 15 बालिका कुल 35 टीमें भाग ले रहें है।

### कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में एक गंभीर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बरियारडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर के समीप कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह से घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान घोड़थ्म्बा थाना क्षेत्र के खैरासिंगा निवासी 45 वर्षीय राजेन्द्र राय पिता बिहारी राय के रूप में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार राजधनवार निवासी सन्नी कुमार दास अपनी आल्टो कार जेएच02एजेड/7533 से मरकच्चो की ओर जा रहा थे। वहीं विपरीत दिशा से राजेन्द्र राय अपनी मोटरसाइकिल आपाची जेएच11एडी/7982 से घोड़थ्म्बा कि ओर जा रहा थे।

### गरीब असहायों की बीच कंबल का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने सोमवार को दिहाड़ी मजदूर गरीब, असहाय एवं बृद्ध लोगों के बीच दर्जनों कम्बल का वितरण किया। वहीं उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा दिये जा रहे कंबल को गरीबों के बीच ठंड से बचाव के लिए वितरण किया जा रहा है, जिससे गरीबों को ठंड से राहत मिलेगी। मौके पर लाभुक राजु यादव, कृष्णा रज्जक, रूपन दास, विजय यादव, सहोदरी देवी, फुलवा देवी, गुड़िया देवी, विजय डोम आदि समेत कई लाभुक मौजूद थे।

### युवती को मोटरसाइकिल सवार ने मारी टक्कर, घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बरियाडीह मुख्य मार्ग स्थित दरदाही चौक के समीप राह चलते युवती को मोटरसाइकिल सवार ने अपने चपेट में ले लिया, जिसमें युवती व मोटरसाइकिल सवार दोनों बुरी तरह घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार मरकच्चो थाना क्षेत्र के कोटवार मोहल्ला निवासी अजय सिंह एवं बिपिन सिंह जेएच12एफ/6721 से मरकच्चो की ओर जा रहे थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कनगांगो पुल के समीप रविवार की देर रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सरमाटांड निवासी 28 वर्षिय प्रभात यादव पिता रामदेव यादव अपने दो साथी सरमाटांड निवासी 30 वर्षीय महेश राणा पिता स्व महावीर राणा व 35 वर्षीय विक्की राणा पिता रामदेव राणा के साथ मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार के यहां से सुरजाहि पूजा का प्रसाद खाकर अपने घर वापस लौट रहा था।

## स्पीड न्यूज

### सर्पदंश से महिला घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा ग्राम स्थित शातीटोला में सर्पदंश से एक महिला घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोहरी देवी 65 वर्ष ग्राम शाती थाना बालूमाथ निवासी खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान उसे एक विषैले सांप ने पैर में काट लिया। जिससे महिला अचेत हो गई। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में किया गया। वही बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### पदाधिकारी ने आदिम जनजाति को राशन कराया उपलब्ध

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया पंचायत के तीन व फुलसू पंचायत के दो आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार ने राशन उपलब्ध कराया। जानकारी देते हुए चंदन ने बताया कि उपरोक्त आदिम जनजाति परिवार को अक्टूबर माह का राशन प्रति व्यक्ति पांच किलो राशन नि:शुल्क उनके आवास पर उपलध कराया गया है।

### मिट्टी खपरैल घर भरभरा कर गिरा, बाल- बाल बचे परिजन



गिरे घर को दिखाते परिजन।

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत बिश्रामपुर मे एक व्यक्ति की मिट्टी खपरैल घर भरभरा कर गिरा, बाल– बाल बचे परिजन विश्रामपुर निवासी धर्मदेव उरांव पिता लालजी उरांव ने जानकारी देते हुए बताया की सोमवार सुबह हमलोग घर के बाहरी हिस्सा वाले मिट्टी खपरैल घर मे सभी परिवार थे की अचानक घर भरभरा कर गिरने लगा. मै और पत्नी लक्ष्मीनिया देवी, पुत्री सीमा कुमारी, सेवन्ति कुमारी, अमानती, रिसो व सूरज उरांव सभी परिवार अपने सूझबूझ से घर से तुरंत निकल गए जिससे बड़ी अनहोनी होने से बच गए. घर गिरने की सुचना मिलते ही जेएमएम पंचायत अध्यक्ष विनय उरांव सदस्य रामकिशन उरांव परिजनों से मिलने पहुंचे तथा हर संभव मदद करने की बात कही।

### कैदियों को संविधान के बारे में दी गई जानकारी

**लातेहार।** दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार 28 नवंबर को संविधान सप्ताह के अवसर पर स्थानीय मंडलकारा लातेहार में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्वाती विजय उपाध्याय एवं विद्वान अधिवक्ता अनिल कुमार ठाकुर ने उपस्थित कैदियों को संविधान के बारे में जानकारी दी। उक्त अवसर पर मंडल कारा, लातेहार के प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा, मंडल कारा, लातेहार के कर्मचारीगण पी.एल.वी. एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### किशोरी के साथ यौन शोषण के मामले में आरोपी गया जेल

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के सुदूरवर्ती डूमारो पंचायत अंतर्गत एक गांव की नाबालिग किशोरी के योन शोषण का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पीड़िता द्वारा चंदवा थाने में लिखित आवेदन दिए जाने के बाद इंस्पेक्टर बबलू कुमार की अगुवाई में त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर चंदवा पुलिस ने आरोपी अरुण उरांव (26 वर्ष) पिता बोले उरांव को गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया। मामले में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि आरोपी लगभग 6 महीने से बहला फुसला कर व शादी का झांसा देकर आरोपी नाबालिक के साथ यौन शोषण कर रहा था। इसी दौरान नाबालिग गर्भवती भी हो गई है। किशोरी के आवेदन पर चंदवा थाना में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है साथ ही नाबालिक युवती को फिलहाल देखभाल के लिए सीडब्ल्यूसी को सुपुर्द कर दिया गया है।

### यादव महासभा की बैठक सपन्न अध्यक्ष बने अवधेश यादव



बैठक करते यादव महासभा के लोग।

**चंदवा।** चंदवा ब्लॉक कॉलोनी स्थित योगेंद्र यादव के आवास में यादव महासभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव ने किया गया। बैठक में समाज को संगठित करने पर चर्चा किया गया।बैठक में यादव महासभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला अध्यक्ष, संरक्षण समिति के उपस्थिति में यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष व कई दायित्व सौंपे गए। अवधेश यादव को प्रखण्ड अध्यक्ष, राजेश यादव उपाध्यक्ष, श्यामदेव यादव (छोटू) को सूचना प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं यादव महासभा के युवा प्रखण्ड अध्यक्ष के लिए आलोक कुमार यादव का चयन सर्वसमिति से किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ब्रिन्दबिहरी यादव, जिला उपाध्यक्ष दरोगी यादव, मोहर सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष उमेश यादव, रोहित यादव, रामविलाश गोप, मुखदेव गोप, जोगेंद्र यादव, कुसेश्वर यादव, बालक यादव, अनिल यादव, राजन यादव, बनेश्वर यादव, भीमलाल यादव, फलिंद्रा यादव, गाजिंद्र यादव, कॉलेश्वर यादव, रुपलाल यादव समेत काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## एसडीपीओ ने छिपादोहर गोलीकांड का किया खुलासा, आरोपी को भेजा जेल

# एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद

➲ भतीजे ने अपनी चाची पर गोली मारकर की थी हत्या की कौशिश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 23 नवंबर को हुए गोलीकांड के आरोपी उसी परिवार के सदस्य पवन कु.ठाकुर उर्फ भोला 19 वर्ष को छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को आरोपी से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व में छिपादोहर पुलिस को गोलीकांड मामले में सफलता मिली हैं। सोमवार को बरवाडीह एसडीपीओ कार्यालय में डीएसपी दिलु लोहरा और छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी। जहां एसडीपीओ ने बताया कि छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैगाटोला में महिला बसंती देवी, पति अशोक ठाकुर को उसके भतीजा पवन ठाकुर के द्वारा हत्या करने की नियत से गोली मार दिया गया था। छिपादोहर थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही त्वरित कारवाई करते हुए जख्मी महिला को सदर अस्पताल डालटनगंज भेजा गया था। जहां चिकित्सकों ने उसके शरीर से गोली निकालकर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स भेजा गया था। वहीं जख्मी महिला और उसके पति अशोक ठाकुर के फर्दब्यान पर छिपादोहर थाना में विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कारवाई में जुट गई थी। वहीं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पवन ठाकुर की निशानदेही पर गोलीकांड घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा के साथ तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं पुलिस को घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद हुआ है।

### छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी

छापामारी दल में एसडीपीओ दिलु लोहरा, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पु.अ.नि काशी महली, स.अ.नि रंजन सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ और थाना प्रभारी।

### पुरानी रंजिश में पवन ने की अपनी चाची की हत्या की कौशिश

दरअसल बीते कुछ वर्ष पूर्व छिपादोहर पुलिस को रेलवे ट्रेक से एक व्यक्ति का शव मिला था। वह व्यक्ति आरोपी पवन ठाकुर का सगा मामा था। आरोपी पवन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके मामा की हत्या कर रेलवे ट्रेक पर फेंक दिया गया था। उसकी मां को शक था की मामा की हत्या में उसके चाचा और चाची का हांथ है, और यह बात उसकी मां अक्सर बताया करती थी। जिसके कारण बदले की भावना से उसने अपनी चाची की हत्या करने का मन बना लिया था। 23 नवंबर की शाम मौका मिलते ही उसने अपनी चाची को गोली मारकर हत्या की कौशिश की। मिली जानकारी के अनुसार दोनो परिवारों में इस बात को लेकर अक्सर लड़ाई–झगड़े भी हुआ करते थे। फिलहाल महिला की स्थिति खतरे से बाहर है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

## डायनामाइट की जद में आने से एक ग्रामीण की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरयू।** सरयू टिओपी क्षेत्र के अंतर्गत घासी टोला पंचायत के कोरवाटोली गांव में एक दर्दनाक घटना हुई है। यहां डायनामाइट की चपेट में आने से एक 25 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई है। घटना शनिवार की शाम की बताई जा रही है। मृतक युवक की शिनाख्त मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु गांव निवासी चलितर सिंह पिता कामेश्वर सिंह के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक के सास रामकली देवी ने बताया कि चलितर उरांव 15-20 दिनों से यहीं रह रहा था। इसी बीच शनिवार को वह डायनामाइट और मोबाइल के बैटरी के साथ कुछ कर रहा था। तभी विस्फोट हो गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रामकली



देवी ने बताया कि विस्फोट उसके मुंह के अंदर हुआ था। लिहाजा उसका इलाज कराने तक का भी समय नही मिल पाया और उसकी मौत हो गई। हालांकि यह स्पष्ट नही हो पाया है कि युवक के पास डायनामाइट कहा से आया होगा। पुलिस ने घटना स्थल से एक और डायनामाइट बरामद किया है। जिसे पुलिस अपने साथ लेकर गई है। इधर घटना की जानकारी के बाद कोरवाटोली पहुँच पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस घटना के पीछे के कारणों का पता लगा रही है। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। जानकार बताते है कि डायनामाइट का उपयोग कोयला और पत्थर खदानों में किया जाता है। डायनामाइट से कोयला और पत्थर के खदानों में विस्फोट किया जाता है।

## नही हो पायी है नई पोशाक का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शिक्षा विभाग के आदेश के बाद भी अब तक प्रखंड के सैकड़ों विद्यालयों के बच्चे अब भी पुराने पोशाक मे हीं विद्यालय पहुंच रहे हैं। विद्यालय में पोशाक सप्लाई करने में भी काफी अनियमितता बरते जाने की बात सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में सप्लायर द्वारा सरकार के निदेर्शानुसार पोशाक उपलब्ध कराया गया था। इसके साथ नीले रंग के बजाय लाल रंग का स्वेटर ही विद्यालयों में आपूर्ति कर दिया गया था। इधर 2 दिन पूर्व विभाग के अधिकारियों के औचक निरीक्षण के दौरान उक्त मामला प्रकाश में आया। आनन-फानन में शिक्षकों द्वारा लाल रंग की स्वेटर को वापस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फिलवक्त स्थिति यह है कि विद्यालयों में उक्त रंग के स्वेटर की आपूर्ति नहीं हो पाई है। बताते चलें कि वर्ग एक व दो के बच्चों के पोशाक के लिए समिति के खाते में राशि उपलब्ध कराई गई है। जबकि वर्ग 3 से ऊपर के कक्षा के विद्यार्थियों के खाते में पोशाक के लिए राशि भेजी गई है। प्रखंड के दर्जनों विद्यालयों में बगैर क्रय समिति के बनाए ही सप्लाई का खेल शुरू हो गया है। वहीं विद्यालयों में फर्जी तरीके से क्रय समिति का गठन कर सप्लाई का काम चल रहा है। बताते चलें कि पोशाक के अलावे बच्चों के बीच एक कीट का भी वितरण किया जाना है इसके लिए भी साठ-गांठ जारी है। वही मामले को लेकर पूछे जाने पर कुछ शिक्षकों ने बताया कि अब तक राशि प्रबंधन समिति के खाते में नहीं आ पाया है जिस कारण वह पोशाक की खरीदारी नहीं किए हैं।

## मनिका प्रखंड के जान्हों में नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं राशन कार्ड धारी



**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित जान्हों पंचायत में नेटवर्क की समस्या होने से राशन कार्ड धारियों को काफी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। पीडीएफ दुकानदार बगल के गांव में जाकर कार्ड धारियों से अंगूठा लगवाते हैं और राशन का वितरण करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जिस जगह पर पीडीएफ दुकान है वहां पर नेटवर्क की काफी समस्या होती है। जिस वजह से हम लोगों को प्रत्येक महीना दूसरे गांव में जाकर अंगूठा लगाना पड़ता है। राशन लेने के लिए आए सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से नेटवर्क की समस्या से निजात दिलाने का गुहार लगाया है। इस संबंध में पीडीएफ दुकानदार ने बताया कि नेटवर्क नहीं काम करने की वजह से हमें राशन कार्ड धारियों को दूसरे गांव में जहां पर नेटवर्क काम करता है वहां पर ले जाकर राशन कार्ड धारियों से अंगूठा लगवाया जाता है और इसके बाद उन्हें राशन दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर नेटवर्क नहीं काम करने से हम लोगों को पीडीएफ दुकान से राशन ले जाने में काफी परेशानी होती है। मौके पर पीडीएफ दुकानदार व सैकड़ों राशन कार्ड धारी उपस्थित थे।

### लातेहार कोर्ट ने ग्रामीणों का बकाया पैसा वेलफेयर बिडिंग एंड स्टेट से दिलवाया



**लातेहार।** लातेहार एवं गढ़वा जिला के ग्रामीणों द्वारा वेलफेयर बिडिंग एंड स्टेट प्रा. लिमीटेड विशाखापट्टनम में पैसा दुगना करने के लिए 2010 में जमा करवाया गया था। लेकिन दिनांक 28 सितंबर 2015 को कंपनी कार्यालय बंद कर भाग गई। जिसमें राजनाथ यादव ग्राम रसी, पोस्ट रमकंडा जिला गढ़वा के 4 लाख 10 हजार दिलीप कुमार राम ग्राम पोचरा लातेहार जिला के 1 लाख 40 हजार मनोज कुमार राम ग्राम पोचरा लातेहार का 1 लाख 20 हजार मनिता देवी ग्राम पोचरा लातेहार का 50,000 बकाया था। ग्रामीणों द्वारा स्थाई लोक अदालत लातेहार में बेल्फेयर कंपनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया गया। अदालती कारवाई के बाद स्थाई लोक अदालत, लातेहार में वेलफेयर कंपनी के द्वारा ग्रामीणों का चेक जमा करवाया गया। जिसमें मासिक लोक अदालत, लातेहार के सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश लातेहार सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के निदेर्शानुसार उक्त ग्रामीणों को सौंप दिया गया। इस पूरे मामले को स्थाई लोक अदालत, लातेहार के अध्यक्ष चंद्रिका राम, सदस्य डॉ. मुरारी झा एवं सदस्य को शकील अख्तर तथा बेंच क्लर्क चन्दन सिन्हा की भूमिका सराहनीय रही।

## भू-रैयतो को वंशावली सत्यापन मे अधिकारियों की मनमानी को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत अमरवाडीह पंचायत के गोलीटांड मे सीसीएल अधिकारीयों की मनमानी तरीके से वंशावली सत्यापन की रवैया को लेकर भोला गंझु की अध्यक्षता मे भू-रैयत व ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे उपस्थित अमरवाडीह, फूलबसिया व गोलीटांड के ग्रामीण ने सीसीएल अधिकारीयों की मनमानी को लेकर विचार विमर्श करते हुए कहा की एक ही जिला मे दो नियम के तहत वंशावली सत्यापन की जा रही है। बालूमाथ प्रखंड मे मात्र नया सर्वे से वंशावली सत्यापन किया जा रहा है। बारियातू प्रखंड मे जमीन की सीएस कागजात की मांग की जा रही है। जबकी आरएस खाता से सीसीएल द्वारा भूमि अधिग्रहण किया गया था। अमरवाडीह के बीच गांव से पिकेट



बैठक करते ग्रामीण।

तक नियमित पानी छिड़काव नहीं किए जाने से इसके आसपास में निवास करने वाले ग्रामीण धूलकण से काफी परेशान रहते हैं। साथ ही कई तरह की बीमारियों से ग्रसित भी हो रहे है। सीसीएल द्वारा प्रतिदिन कोयला लदे सैंकड़ो वाहन से कोयला ढूलाई का कार्य किया जा रहा है। कोयला लदे वाहन मे त्रिपाल नही ढका रहने से धूलकण अधिक समय तक उड़ती रहती है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की उपरोक्त समस्या को ससमय सीसीएल द्वारा समाधान नहीं किया जाता है तो गोलीटांड से चौरादोहर तक सड़क निर्माण कार्य को ठप करा दिया जाएगा। वहीं अधिकारियों की मनमनी के विरोध मे एक सप्ताह के अंदर तिथि निर्धारित कर बारियातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे धरना देने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से राधेश्याम पांडेय, महेंद्र गंझु, प्रभु गंझु, जतन पांडेय, सोमनाथ गंझु, महेंद्र उरांव, प्रदीप गंझु, युगल किशोर विश्वकर्मा सहित कई भू-रैयत व ग्रामीण शामिल थे।

## फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर सेविकाओं और सहियाओ को दिया गया प्रशिक्षण

# एक दिसंबर से होगी महाअभियान की शुरूआत

➲ फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है: आर्यन पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए और लोगों को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए आगामी 1 दिसंबर से महाअभियान की शुरूआत की जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग गंभीर है। जिसे लेकर बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों, स्वास्थ्य सहियाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां प्रशिक्षक आर्यन पांडेय के द्वारा बताया



गया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। इससे बचाव के लिए सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त में दवा दी जा रही है। अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मी और आंगनबाड़ी सेविकाएं घर-घर जाकर दो वर्ष के ऊपर के सभी लोगों को दवा की खुराक देंगे। प्रशिक्षकों ने फाइलेरिया से बचाव के लिए सोने के समय मच्छरदानी का प्रयोग करने एवं घर के आसपास साफ-सफाई रखने की आवश्यकता बताई है। उन्होंने बताया कि घरों के इर्द-गिर्द गंदगी रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है जिससे कई प्रकार की संक्रामक बीमारी फैलती है। यह अभियान 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा। प्रशिक्षक ने बताया कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान को घर-घर तक लेकर जाएं ताकि इस अभियान से एक भी व्यक्ति ना छूटे। उन्होंने कहा कि डीईसी की गोली पूरी तरह सुरक्षित है। इस गोली को खाली पेट नहीं खाना चाहिए। इस दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी मरीज में अगर कोई साइड इफेक्ट होता है तो उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर चिकित्सक से सुझाव ले सकते हैं। वहीं बैठक में युवराज बिक्रम सिंह के साथ- साथ बीपीएम ओमप्रकाश गुप्ता और केयर इंडिया के रविकांत सिंह एवं विक्की दत्ता समेत कई लोग शामिल थे।

## एक नजर में

### किसानो के बीच धान काटने का कार्यक्रम किया गया



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** कोरटेवा एग्री साइंस पायोनियर कंपनी द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत ईचाक पंचायत के उपरलोटो गांव में रविवार को फसल कटाई दिवस मनाया गया। इस दौरान जिला के अधिकारी सुजीत सिंह चौहान ने कहा कि पायोनियर 27पी37 दो नंबर के खेत में सबसे अधिक उपज देने वाला शंकर धान है। वहीं किसानों को 27पी 37 धान और अन्य धान को 25 वर्ग मीटर कटाई व झड़ाई कर दिखाया गया। जिसमें पायोनियर 27पी 37 का धान ज्यादा उपज दी। वहीं बताया गया कि किसान प्रति एकड़ 6 हजार रुपए से ज्यादा मुनाफा कमा रहे है। वहीं कम्पनी एवं किसान द्वारा बैंड बाजा ढोल नगारा के साथ पायोनियर 27पी37 हर हाल बेमिसाल जिसने किया हर मैदान फतेह नारा लगाते हुए उपरलोटो गांव में पायोनियर धान अधिक लगाने वाले किसानों को शाल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस मौके पर कंपनी के प्रखंड अधिकारी समते अखिलेश सिंह, मुकेलेश प्रजापति, संतोष प्रजापति, गीता देवी, बलदेव प्रजापति, सत्यनारायण प्रजापति, दीपक प्रजापति, अंजू देवी, मनोज भुईया, अनीता देवी समेत कई किसान एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### सुखाड़ राहत योजना के तहत शिविर का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत सचिवालय परिसर मे मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिबला पंचायत सचिवालय मे राजस्व उप निरीक्षक मो सोयब अख्तर भीएलडब्ल्यू चंदन कुमार, मुखिया सुरेश उरांव व ने शिविर मे मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के संबंध में किसानों को विस्तृत जानकारी दिया। वही राजस्व उपनिरीक्षक मो सोयब ने किसानों को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के संबंध में बताया कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के पूर्व झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत किसानों का निबंधन किया गया था। इस निबंधन से जो किसान वंचित रह गए थे। वैसे किसान मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत अपने नजदीकी सीएसपी प्रज्ञा केंद्र में ऑनलाइन निबंधन तीस नवंबर तक करा कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। समाचार लिखे जाने तक शिबला पंचायत से 63 किसानों की ई केवाईसी व 22 किसानों का निबंधन किया जा चुका था।

### कोयला लदा हाईवा जब्त, चालक उप-चालक गिरफ्तार



जानकारी देती पुलिस प्रशासन।

**बालूमाथ।** बालूमाथ अनुमंडल पदाधिकारी अजित कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ पुलिस ने एक अवैध कोयला लदा हाईवा जब्त किया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि बालूमाथ एसडीपीओ को रविवार देर को गुप्त सूचना मिली थी कि एक अवैध कोयला लदा चौदह चक्का हाईवा ओडी 14यू1391 बालूमाथ से मासिलौंग जिला चतरा की ओर जाने वाला है। सूचना के बाद बालूमाथ थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में अमरवाडीह पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार निषाद, मगध सीसीएल के सुरक्षा गार्ड प्रभारी सूर्यदेव रविदास शामिल थे। जहां छापेमारी कर मगध कोलियरी के नौ नम्बर बैरियर के पास अवैध कोयला लदा हाईवा पकड़ा गया। मौके पर चालक से कागजात की मांग की गई लेकिन वह कागजात नहीं दिखा पाया। जिसके बाद हाईवा को जब्त करते हुए हाईवा चालक और उप–चालक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चालक सुनील लोहरा 20 वर्ष पिता जुगेश्वर लोहरा राजगुरू थाना बारियातु लातेहार उपचालक ईश्वर प्रजापति पिता स्व. काली प्रजापति सराढू थाना टंडवा जिला चतरा को बालूमाथ थाना कांड संख्या 225/22 धारा 379,411,414,34 आईपीसी 30 (!!) कोल माइंस एक्ट, 21 एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया।

### वरदान साबित होगा सामूहिक विवाह: शशि भूषण

**बरवाडीह।** झारखंड की स्वयंसेवी संस्था नीलांबर–पीतांबर विकास सोसाइटी के द्वारा सामूहिक विवाह कराया जाएगा। जिसे लेकर सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी इस योजना का प्रचार प्रसार कर क्षेत्र की गरीब बेटियों का विवाह इस योजना के जरिए कराने की अपील कर रहें है, और लोगों को सामूहिक विवाह के लिए जागरूक करने का काम कर रहें है। इसी कड़ी में मंगलवार को लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय के बाल विकास परियोजना ऑफिस में सीडीपीओ अनिता कुमारी की उपस्थिति में आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक किया। इस दौरान उन्होंने सामूहिक विवाह योजना का लाभ गरीब परिवार की बच्चियों को दिलाने की अपील की। कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से अपने पोषक क्षेत्र अंतर्गत इस योजना का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक कर सकती है। उन्होंने बताया कि कई ऐसे जरूरतमंद माता पिता है जो आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की शादी कराने में असमर्थ है। वैसे लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान बैठक में उपस्थित सेविकाओं ने एकमत होकर सामूहिक विवाह के आयोजन को बेहतर बताया और इसका समर्थन किया।



बैठक में उपस्थित सेविकाएं।

स्पीड न्यूज

## प्रीति सूदन यूपीएससी की सदस्य नियुक्त



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति ने पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का सदस्य नियुक्त किया गया है, एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। संघ लोक सेवा आयोग में एक अध्यक्ष का पद होता है और इसके अधिकतम 10 सदस्य हो सकते हैं। सूदन की नियुक्ति के बाद भी आयोग में अब भी चार सदस्यों के पद रिक्त हैं।

## विदेश सचिव क्वात्रा का कार्यकाल बढ़ाया गया

**नयी दिल्ली।** सरकार ने विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा का कार्यकाल 30 अप्रैल 2024 तक बढाने को मंजूरी दे दी है। कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने विदेश सेवा के 1988 बैच के अधिकारी विनय मोहन क्वात्रा का कार्यकाल 30 अप्रैल 2024 या अगले आदेश तक के लिए बढा दिया है। यह निर्णय मूल नियमावली 56 (डी) के प्रावधानों के तहत लोकहित में लिया गया है। क्वात्रा का कार्यकाल इस वर्ष 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था।

## भारत बायोटेक की इंट्रानैसल वैक्सीन को मंजूरी

**हैदराबाद।** भारत बायोटेक की कोविड-19 इंट्रानैसल वैक्सीन 'इनकोवैक' (बीबीवी154) को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा आपातकालीन स्थिति मे इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी गई है। संगठन के द्वारा 18 वर्ष या उउसे अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए बूस्टर खुराक के रूप में इसके इस्तेमाल की अनुमति दी है। कंपनी ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

## सीबीएसइ ने शुरू की सीटेट की करेक्शन विंडो

**नयी दिल्ली।** सीबीएसइ ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा दिसंबर 2022 के लिए सोमवार, 28 नवंबर को ऑनलाइन सुधार विंडो खोल दी है। पंजीकृत उम्मीदवार तीन दिसंबर तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपने फॉर्म में सुधार कर सकते हैं। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा दिसंबर 2022 परीक्षा 16 दिसंबर, 2022 से 13 जनवरी, 2023 तक कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में आयोजित होने वाली है। परीक्षा दो पालियों में होगी- सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक और दोपहर 2.30 बजे से शाम पांच बजे तक।

### भावनगर रैली में पीएम मोदी ने बोला कांग्रेस पर हमला

# विपक्ष की विचारधारा बांटो और राज करो

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर ताबड़तोड़ रैलियां कीं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता रही मेधा पाटकर के शामिल होने को मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता का विश्वास फिर से हासिल करने के लिए उसे 'बांटो और राज करो' की रणनीति छोड़नी होगी। भावनगर जिले के पालीताना में रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि राज्य ने कांग्रेस को इसलिए खारिज कर दिया है क्योंकि एक क्षेत्र व समुदाय के लोगों को दूसरे क्षेत्र व समुदाय के लोगों के खिलाफ भड़काने की उसकी नीति की वजह से राज्य को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की



विचारधारा बांटो और राज करो वाली है। गुजरात के अलग राज्य बनने से पहले उसने गुजराती और मराठी लोगों को एक दूसरे से लड़ाया। बाद में कांग्रेस ने विभिन्न जाति और समुदाय के लोगों को एक दूसरे के खिलाफ भड़काया। कांग्रेस के ऐसे पापों की वजह से गुजरात को बहुत नुकसान हुआ है। मोदी ने कहा, उन्हें जातिवाद, भेदभाव को छोड़ना होगा नहीं तो लोग उन्हें स्वीकार नहीं करेंगे। इसके अलावा उन्होंने मेधा पाटकर और राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि गुजरात की जनता उन्हें कभी स्वीकार नहीं करेगी जो उनके कंधे पर हाथ रखकर कदम से कदम मिला कर तस्वीरें खिंचवाते हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'मेरे एक महाराज कृष्ण कुमार सिंह, मेरे गोहिलवाड़ ने देश के बारे में सोचा और देश की एकता के लिए इस राजपाट को मां भारती के चरणों में समर्पित किया।'

### आज दुनिया कहती है 'कच्छ नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा'

पीएम मोदी ने कच्छ भूकंप की बात करते हुए कहा- जब कच्छ में भूकंप आया तो लोगों ने कहा कि कच्छ अब खत्म हो चुका है। अब यह कभी नहीं उठ पाएगा। लेकिन, मैंने यहीं आकर लोगों आपसे वादा किया था कि हम कच्छ को फिर से खड़ा करेंगे। आज पूरी दुनिया कच्छ को देखने आ रही है और यहां आकर लोग अब ये कहते हैं कि 'कच्छ नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा।'

## रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ायेंगे भारत और फ्रांस

**नयी दिल्ली।** भारत और फ्रांस ने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति व्यक्त की है और इसके तहत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेक इन इंडिया पर विशेष जोर दिया जायेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के रक्षा मंत्री सेबास्टियन लोकोर्नू की सह अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुए चौथे भारत- फ्रांस रक्षा संवाद के दौरान इस बारे में सहमति बनी। बैठक में विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय, रक्षा और रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग बढाने संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

## शेयर बाजार ऑल टाइम हाई पर, सेंसेक्स पहली बार 62600 के पार

**नयी दिल्ली।** बीएसई और एनएसई निफ्टी 50 सोमवार को नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचे। जहां सेंसेक्स 347.9 अंक या 0.56% बढ़कर 62,686.84 पर पहुंच गया, वहीं निफ्टी इंडेक्स 90 अंक चढ़कर 18,611.05 के नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। बैंक निफ्टी मामूली हरे निशान में कारोबार करता दिखा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर सेंसेक्स में 3% से अधिक की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहे।

### जजों की नियुक्ति का मामला : सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# कॉलेजियम द्वारा प्रस्तावित नाम पर सरकार ने की देरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कॉलेजियम की सिफारिश के बावजूद जजों की नियुक्ति में देरी के मसले पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने माना कि कॉलेजियम द्वारा प्रस्तावित न्यायाधीशों की नियुक्ति पर विचार करने में केंद्र द्वारा महीनों की देरी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार इस बात से नाखुश है कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) ने संवैधानिक मस्टर पास नहीं किया।

**कानून मंत्री रिजिजू के कमेंट पर जताई नाराजगी :** जजों की नियुक्ति को लेकर कानून मंत्री किरेन रिजिजू के बयान को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों एक टीवी डिबेट में कहा था कि यदि सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम को लगता है कि सरकार की ओर से उसकी सिफारिशों में फैसला नहीं लिया जा रहा है तो वह जजों की नियुक्ति पर नोटिफिकेशन जारी कर दे। अब इस पर अदालत में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में इस टिप्पणी का जिक्र हुआ तो अदालत ने इसे



खारिज कर दिया। जस्टिस एसके कौल ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। यह गलत बात है। इस पर एजी वेंकटरमनी ने कहा कि यह मीडिया पर छपी जानकारी है, जो कभी-कभार गलत भी होती है। इस पर कोर्ट ने कहा, 'प्रेस रिपोर्ट नहीं... यह उच्च पद पर आसीन व्यक्ति की ओर से आया है। मैं कुछ नहीं कह रहा हूं।' देश के कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने जजों की नियुक्ति के सिस्टम पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि कॉलेजियम प्रणाली संविधान के लिए 'एलियन' है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार की ओर से जजों के नामों पर फैसला नहीं लिया जा रहा है। ऐसे कैसे सिस्टम काम कर सकेगा। जस्टिस एसके कौल ने कहा, 'ऐसा लगता है कि एनजेएसी को मंजूरी न मिलने से सरकार नाराज है। यदि आप नामों को बहुत दिनों तक रोके रहेंगे तो अच्छी स्थिति नहीं होगी।'

## डरे शी जिनपिंग! बीजिंग और शंघाई में बढ़ाई फोर्स

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन में अचानक बीजिंग से लेकर शंघाई तक में हुए आंदोलनों ने शी जिनपिंग सरकार को हिला कर रख दिया है। दुनिया भर में इन प्रदर्शनों के चलते चीन एक तानाशाही मुल्क के तौर पर सामने आया है। ऐसे में चीन सरकार अब अपने रवैये में सुधार की बजाय आंदोलनकारियों पर ही शिकंजा कसने में जुट गई है। सोमवार को चीन सरकार ने बीजिंग, शंघाई में सुरक्षा कड़ी कर दी। यहां सैकड़ों लोगों ने आंदोलन किया था। इसके अलावा शिनजियांग में भी सख्ती की गई है, जहां के उरुमकी शहर में एक इमारत में आग लगने से 10 लोगों



की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद ही लोगों का गुस्सा फूटा था। प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना था कि कोरोना से निपटने की पाबंदियों के चलते आग लगने के बाद बचाव कार्य में देरी हुई। प्रदर्शन करने वाले लोगों ने हम क्या चाहते आजादी जैसे नारे लगाए। इसके अलावा शी जिनपिंग गद्दी छोड़ो के भी नारे लगाए गए। दरअसल चीन ने कोरोना संकट से निपटने के लिए जीरो कोविड पॉलिसी लागू कर रखी है। इसके चलते बड़े शहरों में लाखों लोगों को घरों के अंदर बंद रहना पड़ा है। यही वजह है कि लोगों का सब्र अब जवाब दे रहा है। यहां तक कि लोग कह रहे हैं कि हमें स्वास्थ्य की फिक्र नहीं है।

## राहुल बोले- गहलोत पायलट दोनों हमारे लिए बहुमूल्य

**इंदौर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच छिड़ी जुबानी जंग पर राहुल गांधी का बयान सामने आया है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान इंदौर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल ने कहा कि गहलोत और पायलट दोनों ही पार्टी के लिए बहुमूल्य (असेट्स) हैं। राजस्थान की सियासी गतिविधियों का भारत जोड़ो यात्रा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ेगी, उसका समर्थन और बढ़ता ही जाएगा। इंदौर में राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। चालीस मिनट तक उन्होंने पत्रकारों से 17 सवालों के जवाब दिए।

## जिस हथियार से श्रद्धा के टुकड़े टुकड़े किये गये वो हुआ बरामद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के लिए चुनौती बने श्रद्धा हत्याकांड में एक अहम सफलता पुलिस के हाथ लगी है। इस हत्याकांड में आफताब द्वारा जिस हथियार से श्रद्धा के टुकड़े-टुकड़े किए गए, वह पुलिस ने बरामद कर लिया है। श्रद्धा वालकर हत्याकांड में आरोपी आफताब पूनावाला का पॉलीग्राफी टेस्ट चल रहा है।

सबकुछ ठीक रहा तो पुलिस जल्द ही नार्को टेस्ट भी करेगी और आफताब पूनावाला के खिलाफ अपने केस को मजबूत करेगी। आज पुलिस आरोपी को तिहाड़ जेल से निकालकर रोहिणी स्थित एफएसएल डायरेक्टर के पास पहुंची है जहां उसके टेस्ट चल रहे हैं।

**हथियार मिलना एक अहम सफलता :** पुलिस के लिए वारदात में प्रयुक्त हथियार का मिलना एक बड़ी सफलता है।

किसी भी हत्या के केस में बॉडी और हथियार का मिलना जिससे उसे मारा गया बहुत ही अहम सबूत माना जाता है। पुलिस ने श्रद्धा को कई टुकड़ों में तो बरामद कर लिया था लेकिन हथियार की तलाश जारी थी। हत्या में प्रयुक्त हथियार मिलने के बाद पुलिस का पक्ष काफी मजबूत हो गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार की दुआरे राशन योजना को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में 'दुआरे राशन' (घर के दरवाजे पर राशन) योजना जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कलकत्ता हाइकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। इस योजना को चलाने के लिए राज्य सरकार के लिए कोई और कानूनी बाधा नहीं है। मालूम हो कि 'दुआरे राशन' योजना खाद्य अधिकार अधिनियम के खिलाफ है, इसलिए उच्च न्यायालय ने इसे रोकने का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अंततः इस मामले में राज्य को राहत मिली।

## लालू की बेटी रोहिणी का भावुक पोस्ट भगवान के दूजा रूप होते हैं पापा...

एजेंसी

**नयी दिल्ली/पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने आज पिता को लेकर भावुक पोस्ट की है। लालू यादव की अगले माह सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट होगी।

वे अभी सिंगापुर में रोहिणी के निवास पर हैं। रोहिणी आचार्य ही अपने पिता को किडनी दान करेंगी। रोहिणी आचार्य ने लालू यादव के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए फेसबुक पोस्ट में लिखा 'भगवान के दूजा रूप होते हैं पापा, हर बिटिया के अभिमान होते हैं पापा'। लालू प्रसाद किडनी ट्रांसप्लांट कराने के लिए शनिवार को सिंगापुर रवाना हुए थे। उनके साथ छोटे बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और परिवार के अन्य सदस्य भी हैं। 74 वर्षीय लालू यादव अपनी किडनी की समस्या का इलाज करा रहे हैं। दिसंबर के पहले हफ्ते में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हो सकता है।

### रोहिणी आचार्य देंगी पिता लालू प्रसाद को किडनी

**पूरा विश्वास है ऑपरेशन सफल होगा : तेजस्वी यादव**

तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि ऑपरेशन सफल होगा। उनके शुभचिंतक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। सभी की दुआएं उनके साथ हैं।

## नीतीश ने फल्गु को सीता के श्राप से दिलाई मुक्ति : तेजस्वी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोधगया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र सभागार में गया और बोधगया शहर वासियों के लिए हर घर गंगाजल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया। वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि आज सीएम ने फल्गु नदी को माता सीता से मिले श्राप से मुक्ति दिला दी। नीतीश ने कहा कि जल जीवन हरियाली अभियान के तहत हर घर गंगा जल की आपूर्ति योजना सफल हुई है। नीतीश ने गया-बोधगया को और विकसित करने का भरोसा दिया। कहा कि यहां आने वाले पर्यटकों को और अधिक सुविधा उपलब्ध कराकर दो-तीन दिन रुकने के लिए आकर्षित किया जायेगा।



स्थानीय लोगों को इस पहल से रोजगार भी मिलेगा। मोकामा के हाथीदह से 151 किमी दूर गंगा जल पहुंचाने के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए नीतीश ने रबड़ डैम का भी जिक्र किया।

**पहले फल्गु नदी में पानी ही नहीं रहता था :** तेजस्वी यादव ने कहा कि आज फल्गु नदी में गंगा जल पहुंच गया है। साथ ही गया, बोध गया में घर-घर गंगा जल पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पहले फल्गु नदी में पानी ही नहीं रहता था। कहा जाता है कि मां सीता के श्राप की वजह से फल्गु नदी हमेशा सूखी रहती थी, लेकिन नीतीश कुमार ने फल्गु नदी को श्राप से मुक्ति दिला दी। यानी सीता जी ने फल्गु नदी को श्राप दिया, अब बिहार के सीएम नीतीश ने फल्गु नदी की मुक्ति दिला दी है।

## रूस तक शोहरत, फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म बनी पुष्पा द राइज

बीते साल की सुपरहिट फिल्म 'पुष्पा द राइज' अब उन भारतीय फिल्मों में शुमार हो गई है जिनके शानदार प्रीमियर रूस में हुए और जिन्हें वहां की जनता ने हाथों हाथ लिया। निर्देशक सुकुमार की अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'पुष्पा द राइज' को वहां के 24 शहरों में अगले महीने की शुरूआत में होने जा रहे भारतीय फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। फिल्म के शानदार रूसी प्रीमियर के लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस कार्यक्रम के लिए फिल्म के सभी प्रमुख कलाकार रूस जा रहे हैं। 1 से 6 दिसंबर तक इंडियन फिल्म फेस्टिवल की पांचवीं वर्षगांठ 24 रूसी शहरों में आयोजित की जाएगी, जिसका आयोजन भारतीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के साथ मिलकर रशियन फेडरेशन के मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर और रूस में



भारत के दूतावास के सहयोग से किया जा रहा। इंडियन फिल्म्स फेस्टिवल की ओपनिंग सेरेमनी 1 दिसंबर को मॉस्को के ओशिनिया शॉपिंग सेंटर में होगी। इस फेस्टिवल में फिल्म 'पुष्पा द राइज' के अलावा करण जौहर द्वारा फिल्म 'माई नेम इज खान', बब्बर सुभाष निर्देशित 'डिस्को डांसर', 'आरआरआर', नितेश तिवारी निर्देशित 'दंगल' और सिद्धार्थ आनंद निर्देशित फिल्म 'वॉर' भी शामिल हैं।




# रोमांचक मैच में घाना ने कोरिया को 3-2 से हराया

**दोहा।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 में एक और उलटफेर देखने को मिला है। 61वें रैंक वाली घाना की टीम ने 28वें रैंक वाली कोरियाई रिपब्लिक की टीम को 3-2 से हरा दिया। मैच में कई रोमांचक पल देखने को मिले। हालांकि, घाना की टीम कोरियाई टीम पर भारी साबित हुई। इस जीत के साथ घाना के राउंड ऑफ-16 में पहुंचने की उम्मीद बरकरार है। वहीं, कोरियाई टीम की राह मुश्किल हो गई है। मैच के अंत में हाईवोल्टेज ड्रामा भी देखने को मिला। दरअसल, 90 मिनट के बाद 10 मिनट का इंजरी टाइम मिला था। इंजरी टाइम के आखिरी कुछ पलों में कोरियाई टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिलना था, लेकिन रेफरी ने मैच खत्म करने का एलान किया। इस पर कोरियाई कोच पाउलो बेंटो मैदान पर आ गए और रेफरी का विरोध करने लगे। साथ ही कोरियाई खिलाड़ियों ने भी उनका साथ दिया। इस पर रेफरी ने कोच वेंटो को ही रेड कार्ड दिखा दिया। अब अगले मैच में वह कोरिया को सपोर्ट करने के लिए मैदान पर मौजूद नहीं होंगे। ग्रुप एच में फिलहाल पुर्तगाल की टीम तीन अंकों के साथ टॉप पर है। वहीं, घाना की टीम एक जीत और एक हार और तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। उरुग्वे की टीम एक अंक के साथ तीसरे और कोरियाई टीम एक अंक के साथ चौथे स्थान पर है। पुर्तगाल का अगला मैच आज ही उरुग्वे से है। वहीं, घाना का अगला मैच उरुग्वे के खिलाफ दो दिसंबर और कोरिया रिपब्लिक भी उसी दिन पुर्तगाल से भिड़ेगी। मैच की बात करें तो कोरियाई टीम ने शानदार शुरूआत की थी। हालांकि, 20वें मिनट के बाद से घाना ने काउंटर अटैक करना शुरू किया। 24वें मिनट में मोहम्मद सालिसु ने गोल दाग घाना को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मोहम्मद कुडुस ने 34वें मिनट में गोल दाग बढ़त को 2-0 का कर दिया। ऐसा पहली बार हुआ है जब वर्ल्ड कप मैच में घाना हाफ-टाइम तक दो गोल की बढ़त बनाए हुए था। वहीं, 2014 के बाद घाना की टीम ऐसा करने वाली अफ्रीका की पहली टीम भी है।



### आज का मैच

इक्वाडोर बनाम सेनेगल

नीदरलैंड बनाम कतर

### कैमरून और सर्बिया का मैच 3-3 से ड्रॉ

कैमरून और सर्बिया का मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ। इस मैच ने चार बार करवट बदली, लेकिन अंत में कोई टीम विजेता नहीं साबित हुई। कैमरून ने मैच का पहला गोल कर मैच में 1-0 की बढ़त बनाई, लेकिन पहले हाफ के अंत में सर्बिया ने दो मिनट के अंतराल में दो गोल कर 2-1 की बराबरी कर ली। दूसरे हाफ की शुरूआत में सर्बिया ने एक और गोल किया और 3-1 से आगे हो गई। इसके बाद कैमरून ने 64वें और 66वें मिनट में गोल कर 3-3 की बराबरी कर ली। इसके बाद मैच में कोई गोल नहीं हो सका और मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ।

सर्बिया के लिए इस मैच में स्त्रहिंजा पैवलोविच, सेरगेज मिलिनकोविच और एलेक्संदर मित्रोविच ने गोल किया। वहीं, कैमरून के लिए जेन चार्ल्स, विनसेंट अबोबकर और इरिक मैक्सिम ने गोल किया। अब दोनों टीमों के पास दो मैच के बाद एक-एक अंक है और दोनों ही टीमें विश्व कप से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई हैं। इस ग्रुप से ब्राजील और स्विटजरलैंड की टीम अगले दौर में पहुंचने की प्रबल दावेदार हैं।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में इंटर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

### राइटियस हाउस विजय

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में 3 दिनों त्से हो रही इंटर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। इस प्रतियोगिता में चारों हाउस की टीमों ने भाग लिया, जिसमें राइटियस हाउस एवं करेज हाउस की टीम ने एक-एक मैच जीतकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। फाइनल मैच में दोनों टीमों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें राइटियस हाउस ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा। इसमें अंतिम क्षणों तक दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गोल करने के लिए कई प्रयास किये, परंतु मैच गोल रहित रहा और दोनों टीमें बराबरी पर रहीं।

अंत में मैच का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट द्वारा हुआ, जिसमें राइटियस हाउस 5-4 स्कोर से जीत प्राप्त की। विद्यालय की डायरेक्टर (एकेडमिक) रंजना स्वरूप एवं प्राचार्य जसमीत कौर ने विजयी टीम को पुरस्कृत करते हुए उन्हें सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी प्रदान की।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
Sr. Secondary (10+2) Affiliated to C.B.S.E. Delhi, Affiliation No. 3430075
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar – II | ₹ 100 | English Grammar – II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran – II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran – II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !